भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. +3655

सोमवार, 20 दिसम्बर, 2021/29 अग्रहायण, 1943 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

नवद्वीप और नदिया में पर्यटन का विकास

+3655. श्री जगन्नाथ सरकारः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने कि कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को नवद्वीप तथा नदिया में पर्यटन में सुधार करने, उसे विकसित तथा उन्हें बढ़ावा देने के लिए जन-प्रतिनिधियों से कोई सुझाव/अभ्यावेदन प्राप्त हुए है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्यवाही की गई है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है;

(घ) क्या सरकार का विचार नवद्वीप के साथ-साथ नदिया में पर्यटन के विकास तथा उसको बढ़ावा देने हेतु पश्चिम बंगाल राज्य को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने का प्रस्ताव है; और

(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री जी. किशन रेड्डी)**

(क) से (ड): जी हाँ, महोदय। पर्यटन मंत्रालय को नाडिया में नवद्वीप के विकास और संवर्द्धन हेतु कार्य करने के अनुरोध के साथ जन प्रतिनिधि से अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है। चूंकि पर्यटन अवसंरचना की पहचान और उसका विकास मुख्य रूप से राज्य सरकार द्वारा किया जाता है, इसलिए अनुरोध पश्चिम बंगाल की राज्य सरकार को अग्रेषित कर दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय अपनी 'स्वदेश दर्शन' और 'तीर्थयात्रा जीर्णोद्धार और आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान' (प्रशाद) योजनाओं के तहत राज्य सरकारों को पर्यटन अवसंरचना के विकास हेतु वित्तीय सहायता प्रदान करता है। योजनाओं के तहत विकास के लिए परियोजनाओं की पहचान राज्य सरकारों के परामर्श से की जाती है और निधियों की उपलब्धता, उपयुक्त विस्तृत परियोजना रिपोर्ट की प्रस्तुति, योजना दिशानिर्देशों के अनुपालन, पूर्व में जारी धन के उपयोग आदि की शर्त पर स्वीकृत किया जाता है। उपर्युक्त योजनाओं में नवद्वीप, नदिया के विकास का कोई प्रस्ताव पर्यटन मंत्रालय में विचाराधीन नहीं है।

पर्यटन मंत्रालय 'आतिथ्य सहित घरेलू संवर्धन और प्रचार (डीपीपीएच)', और 'बाजार विकास सहायता सहित विदेशी संवर्धन और प्रचार (ओपीएमडी)' की अपनी योजनाओं के माध्यम से पश्चिम बंगाल सहित देश के विभिन्न पर्यटन स्थलों और उत्पादों का घरेलू और अन्तर्राष्ट्रीय बाजारों में समग्र रूप से संवर्धन करता है।

*****